श्री बंशीधर नगर, मंगलवार
04.03.2025
फाल्गुन शुक्लपक्ष चतुर्थी संवत 2081
वर्ष : 03, अंक : 187

सूर्योदय-सूर्यास्त
उदय - 06:16 बजे
अस्त - 06:00 बजे

तापमान
अधिकतम : 32 डिग्री से.
न्यूनतम : 17 डिग्री से.

कलम है, तो आवाज़ बुलंद है...
बंशीधर न्यूज



डिजिटल अखबार | www.banshidharnews.com | 20 मार्च तक अतिक्रमण हटाने का आदेश >> पेज 03 | हुमा कुरैशी का कमबैक, 'महारानी-4' का टीजर रिलीज >> पेज 04

### सुविचार

किताबों के साथ-साथ लोगों को भी पढ़ें, किताबें ज्ञान देंगी और लोग अनुभव

### न्यूज अपडेट्स

#### 10 हजार रु. घूस लेते मुखिया रंगे हाथ गिरफ्तार

**धनबाद।** धनबाद एसीबी की टीम ने एक रिश्वतखोर मुखिया को घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। बोकारो जिला के चंद्रपुरा स्थित पपलो पंचायत के मुखिया कार्तिक महतो को धनबाद एसीबी की टीम ने सोमवार को 10 हजार रुपये रिश्वत लेते धर दबोचा है। मुखिया को उसके ही घर से गिरफ्तार किया गया है। एसीबी एएसपी बिनोद कुमार ने बताया कि पीएम आवास योजना का जिओ टैग करने के एवज में मुखिया लाभुक से 20 हजार रुपये रिश्वत की मांग कर रहा था, जिसकी शिकायत मिली थी। इसके बाद एसीबी की टीम ने जांच के बाद मुखिया कार्तिक महतो को रिश्वत की पहली किस्त 10 हजार रुपए लेते उनके ही घर से रंगे हाथ गिरफ्तार किया है।

#### कई शहरों में पारा 35 डिग्री पार

**रांची।** राज्य में मार्च माह के शुरुआत में ही मई और जून जैसी गर्मी पड़ने लगी है। कई शहरों में तापमान बढ़कर 35 डिग्री के पार हो गया है। राज्य के जिन जिलों में तापमान 35 डिग्री के पर पहुंच गया है उनमें जमशेदपुर 37.4 डिग्री, डालटनगंज 35.2, बोकारो 35.1, चाईबासा 37.4, पूर्वी सिंहभूम जिले के बहरागोड़ा में 38.9 डिग्री तथा सरायकेला में अधिकतम तापमान बढ़कर 39.3 डिग्री पहुंच गया है। वहीं मौसम विभाग ने आनेवाले दिनों में तापमान में और वृद्धि होने की आशंका व्यक्त की है। सोमवार को रांची और आसपास के इलाकों में मौसम साफ रहा।

**आम बजट** हेमंत सरकार-2.0 व वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर का पहला बजट

# 1.45 लाख करोड़ का बजट पेश

**रांची।** झारखंड विधानसभा में सोमवार को वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 1,45,400 करोड़ रुपये का बजट पेश किया गया। वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने सदन में पेश किया। प्रस्तावित बजट का यह आंकड़ा पिछले वर्ष से 13 प्रतिशत अधिक है।

वित्त मंत्री ने कहा कि झारखंड की अर्थव्यवस्था लगातार मजबूत हो रही है। राज्य की आर्थिक विकास दर 2019-20 में 1.1 प्रतिशत थी, जो 2022-23 में 7.8 प्रतिशत और 2023-24 में 7.5 प्रतिशत रही। वर्ष 2025-26 में भी इसके 7.5 प्रतिशत रहने का अनुमान है।उन्होंने कहा कि गठबंधन सरकार ने राजकोषीय घाटा को नियंत्रित करने और कम से कम स्तर तक रखने को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। बेहतर वित्तीय प्रबंधन से वर्ष 2022-23 में राजकोषीय घाटा को 1.1 प्रतिशत रखने में सफलता मिली है। इससे राज्य के जीडीपी रेशियो में सुधार हुआ है। वित्त वर्ष 2021-22 में यह 30.2 प्रतिशत था, 2022-23 में 28.4 प्रतिशत तथा 2023-24 में 27.7 प्रतिशत रहने का अनुमान है।

वित्त मंत्री ने कहा कि झारखंड ने राजस्व आय (कर और गैर कर राजस्व) में उत्तरोत्तर वृद्धि हासिल की है। वर्ष 2019-20 में राज्य के स्रोत से कुल राजस्व आय 25,521 करोड़ रुपया था, जो वित्त वर्ष 2023-24 में 41,429.88 करोड़ रुपया हो गया और 2025-26 में 61,056.12 करोड़ रुपयए रहने का अनुमान है। सदन में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन,



मंत्री और विपक्षी सदस्य भी उपस्थित थे।

वित्त मंत्री ने कहा कि राज्य के विकास कार्यों को वर्तमान सरकार स्थापना व्यय की तुलना में अधिक प्राथमिकता दे रही है। वित्त वर्ष 2024-25 में पूंजीगत परिव्यय के पुनरीक्षित बजट पर 9.06 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 25 हजार 720 करोड़ 41 लाख रुपये पूंजीगत परिव्यय का आंकलन किया गया है। सरकार की ओर से राज्य के आर्थिक स्वास्थ्य को बेहतर करने और भविष्य की पीढ़ी को आर्थिक बोझ की विरासत से बचाने के लिए बेहतर ऋण प्रबंधन किया गया है।

वित्त मंत्री ने कहा कि आधारभूत संरचना के विकास के लिए ऋण लेना सरकार की बाध्यता है। पूर्व में लिए गए ऋणों के भुगतान में भविष्य में संभावित किसी विपरीत आर्थिक स्थिति का सामना करने के लिए वित्त वर्ष 2020-21 से वर्तमान सरकार द्वारा सिंकिंग फंड में लगातार निवेश किया जा रहा है। इस उद्देश्य से अबतक इसमें लगभग 2282 करोड़ रुपये का निवेश किया गया है। इसका उपयोग केवल ऋण भुगतान के लिए ही किया जाएगा। इससे स्वस्थ आर्थिक हित के साथ-साथ राज्य की साख भी बढ़ी है। इस वर्ष इसमें 638 करोड़ 13 लाख रुपये का पुनः निवेश करने का प्रस्ताव है। पुरानी पेंशन योजना का वित्तीय भार कम करने के दृष्टिकोण से पेंशन कोष का गठन किया गया है। इसके लिए वर्ष 2023-24 में 700 करोड़ रुपये एवं 2024-25 में 780 करोड़ रुपये पेंशन कोष में निवेश किए गए। वर्ष 2025-26 में 832 करोड़ रुपये निवेश के लिए बजट प्रस्तावित है।वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार के पांव मजबूती से जमीन पर टिके हैं। इसी विश्वास के साथ वे सदन में एक लाख 45 हजार 400 करोड़ रुपये का सकल बजट अनुमान प्रस्तुत कर रहे हैं जो गत वर्ष से 13 प्रतिशत अधिक है।

## महिलाओं, पेंशन व कृषि को प्राथमिकता

**रांची।** झारखंड सरकार ने मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के लिए 13,363.35 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। इस महत्वाकांक्षी योजना के तहत 18 से 50 वर्ष की महिलाओं को प्रति माह 2500 रुपये दिए जा रहे हैं। वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने राज्य की बालिकाओं और किशोरियों में उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने, बाल विवाह पर रोक और कन्या भ्रूण हत्या की रोकथाम के लिए चल रही सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के लिए 310 करोड़ रुपये का प्रावधान बजट में किया है। वहीं वृद्धावस्था पेंशन और विधवा पेंशन तथा दिव्यांग पेंशन के लिए एक हजार 449 करोड़ 26 लाख रुपये की व्यवस्था बजट में की है। इस पैसे से राज्य के 12 लाख लाभुक लाभान्वित होंगे। राज्य के पंचायत सचिवालय के सुदृढ़ीकरण, मरम्मती और जीर्णोद्धार पर 280 करोड़ रुपये खर्च किये जायेंगे। वित्त मंत्री ने बताया कि इस वित्तीय वर्ष में 15 वें वित्त आयोग से अनुदान के रुप में एक हजार 322 करोड़ मिलने की संभावना है। इसमें 30 प्रतिशत राशि जलापूर्ति पर, 30 प्रतिशत स्वच्छता पर तथा 40 प्रतिशत स्थानीय जरुरतों पर खर्च होंगे। बजट में समाजिक क्षेत्र के लिए 62 हजार 840 करोड़ 45 लाखबजट में राज्य के समाजिक क्षेत्र के लिए 62 हजार 840 करोड़ 45 लाख रुपये का प्रावधान किया गया है, जबकि सामान्य क्षेत्र के



लिए 37 हजार 884 करोड़ 36 लाख रुपये तथा आर्थिक क्षेत्र के लिए 44 हजार 675 करोड़ 19 लाख रुपये का प्रावधान किया गया है।

वित्त मंत्री ने राधाकृष्ण किशोर ने बताया कि बजट में कर से 35 हजार 200 करोड़ और गैर कर राजस्व से 25 हजार 856 करोड़ 12 लाख रुपये, केंद्रीय सहायता से 17 हजार 57 करोड़ 10 लाख, केंद्रीय करों में राज्य की हिस्सेदारी से 47 हजार 40 करोड़ 22 लाख, कर्ज से 20 हजार करोड़, उधार तथा एडवांस से 246 करोड़ 56 लाख रुपये जुटाये जायेंगे। उन्होंने बताया कि वित्त वर्ष 2025-26 में राज्यकोषीय घाटा 11 हजार 253 करोड़ 44 लाख रुपये रहने का अनुमान है, जो जीएसडीपी का 2.02 प्रतिशत रहने की संभावना है। उन्होंने बताया कि मौजूद कीमतों पर राज्य का जीएसडीपी 2023-24 में चार लाख 61 हजार 10 करोड़ रुपये था। जबकि सरकार का प्रयास होगा कि वर्ष 2029-30 तक उसे 10 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचाया जा सके। वित्त मंत्री ने कहा कि राज्य का अबतक लक्षित विकास दर 14.2 प्रतिशत से कुछ कम रहा है। राज्य की वर्तमान कीमतों पर 2011-12 से लेकर 2022-23 के बीच जीएसडीपी 9.1 प्रतिशत की अवसत दर से बढ़ा है। वित्त मंत्री ने बताया कि राज्य के किसानों को दो लाख रुपये का लोन माफ किया गया है। इस मद में 769 करोड़ से अधिक खर्च किया गया है। सिंचाई योजना पर खर्च होंगे 203 करोड़ 40 लाखबजट में कृषि कार्य में सिंचाई के लिए तलाबों के गहरीकरण, जीर्णोद्धार और डीप बोरिंग के लिए 203 करोड़ 40 लाख रुपये का प्रावधान किया गया है। वहीं किसानों को 2025-26 में 8400 लाभुकों के लिए कृषि यंत्र मुहैया कराने के लिए 140 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गयी है।

### जनता पर कोई आर्थिक बोझ नहीं, हर क्षेत्र के लिए राशि

## यह सबको जोड़ने वाला बजट : मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसे एक संतुलित बजट बताया। उन्होंने कहा कि यह सबको जोड़ने वाला बजट है। उन्होंने कहा कि जनता पर बिना किसी आर्थिक बोझ डाले एक संतुलित बजट पेश किया गया है। मुख्यमंत्री ने सोमवार को विधानसभा में बजट पेश किए जाने के बाद पत्रकारों से बातचीत में कहा कि बजट में हर क्षेत्र में विकास के लिए राशि का प्रावधान किया गया है और कोई भी क्षेत्र इससे अछूता



नहीं है। उन्होंने कहा कि बजट में विकास की गति को बनाए रखा गया है और खर्च भी आगे बढ़ाया गया है। किसी नागरिक पर कोई बोझ नहीं डाला गया है।

### दो नए यूनिवर्सिटी और पांच लॉ कॉलेज व छह जिलों में खुलेंगे मेडिकल कॉलेज

बजट में राज्य में दो नए यूनिवर्सिटी खोलने का प्रस्ताव बजट किया गया है। दोनों यूनिवर्सिटी का नाम स्किल यूनिवर्सिटी और फिन टेक यूनिवर्सिटी है। वहीं छह जिलों रांची, जमशेदपुर, पलामू, धनबाद, हजारीबाग और देवघर में स्कूल ऑफ बिजनेस एंड मास कम्युनिकेशन की स्थापना की जाएगी। साथ ही बजट में पांच जिलों रांची, धनबाद, दुमका और पलामू में लॉ कॉलेज बनाने का प्रस्ताव है। बजट में राज्य के छह जिलों में पीपीपी मोड पर खूंटी, गिरिडीह, जमशेदपुर, धनबाद और देवघर तथा जामताड़ा में मेडिकल कॉलेज बनाने का प्रस्ताव है। वहीं बजट में प्रारंभिक और माध्यमिक शिक्षा के लिए 15 हजार 198 करोड1 30 हजार रुपए तथा उच्च और तकनीकि शिक्षा के लिए दो हजार 409 करोड़ 20 लाख 96 हजार रुपए की व्यवस्था की गई है। साथ ही राज्य में स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए सात हजार 470 करोड़ 50 लाख 86 हजार रुपए की व्यवस्था बजट में की गई है। बजट में वित्त वर्ष 2025-26 में पेयजल और स्वच्छता विभाग के लिए 4 हजार 710 करोड़ दो लाख 56 हजार रुपए की राशि दी गई है।

### बिजली माफी योजना पर खर्च होंगे पांच हजार करोड़

बंशीधर न्यूज

**रांची।** बजट में राज्य में चल रही बिजली बिल माफी योजना के लिए पांच हजार, पांच करोड़ नौ लाख रुपए की व्यवस्था की गई है। राज्य के गंभीर बीमारी से ग्रसित लोगों के लिए एयर एंबुलेंस सेवा के लिए बजट में 115 करोड़ 19 लाख 37 हजार रुपए का प्रावधान किया गया है। वहीं ग्रामीण कार्य विभाग के लिए चार हजार 576 करोड़ 30 लाख 73 हजार रुपए की व्यवस्था बजट में की गई है।

#### 20 हजार करोड़ का होगा निवेश

वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने कहा कि राज्य में आनेवाले दिनों में 20 हजार करोड़ रुपए का निवेश बजट के जरिये लाया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस निवेश से राज्य के 15 हजार लोगों को प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से रोजगार मिलेगा। वित्त मंत्री ने कहा कि विभिन्न क्षेत्रों में निवेश पर औद्योगिक घरानों को सरकार की ओर से सब्सिडी दी जाएगी।

# पुलिस इंस्पेक्टर ने थाना प्रभारियों के साथ की बैठक, दिये कई निर्देश



**बंशीधर न्यूज**

**श्री बंशीधर नगर :** पुलिस इंस्पेक्टर रतन कुमार सिंह ने सोमवार को कार्यालय कक्ष में श्री बंशीधर नगर अंचल के सभी पांच थानों के थाना प्रभारियों के साथ बैठक की। बैठक में उन्होंने थाना प्रभारियों को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया। पुलिस इंस्पेक्टर श्री सिंह ने बताया कि अपराध को रोकने, फरार वारंटियों की गिरफ्तारी करने, मुस्लिम धर्मावलंबियों का पर्व रमजान तथा आगामी होली पर्व को लेकर विशेष निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि थाने में दर्ज मामले को ससमय निष्पादन करें। उन्होंने कहा कि मुस्लिम धर्मावलंबियों का पर्व रमजान रविवार से शुरू हो चुका है और आगामी होली पर्व को लेकर शहर के चौक चौराहों पर विशेष नजर बनाये रखें। साथ ही साथ पुलिस पेट्रोलिंग में तेजी लाने को कहा है। बढ़ते वाहन दुर्घटना को रोकने के लिये दो पहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनकर वाहन चलाने के लिये प्रेरित करें और अपने-अपने थाना क्षेत्रों में वाहन चेकिंग अभियान लागातार चलायें। जिससे कि वाहन दुर्घटना को रोका जा सके। बैठक में थाना प्रभारी आदित्य कुमार नायक व महिला थाना प्रभारी रुक्मिणी कुमारी, धुरकी थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार, रमना थाना प्रभारी आकाश सिंह, विशनपुरा थाना प्रभारी राहुल कुमार सिंह उपस्थित थे।

## न्यूज अपडेट्स

### सीओ ने भवन निर्माण कार्य का किया निरीक्षण

**मझिआंव :** सीओ प्रमोद कुमार ने सोमवार को नगर पंचायत कार्यालय के समीप बीडीओ, सीओ एवं प्रखंड एवं अंचल कर्मचारियों के लिये चार भाग में बन रहे भवन निर्माण कार्य का निरीक्षण किया गया। यह निर्माण कार्य ग्रामीण विकास विभाग से 5 करोड़ 82 लख रुपये की लागत से बनाई जा रही है। निरीक्षण के दौरान सीओ के द्वारा सभी तरह से चल रहे कार्यों पर विशेष ध्यान दिया गया। वहीं बाउंड्री वॉल में लग रहे ईंट पर भी उन्होंने कहा कि क्वालिटी ठीक-ठाक नहीं है एक क्वालिटी से निर्माण कराया जाय। उन्होंने आवास के अंदर और बाहर हो रहे कार्यों की गुणवत्ता का निरीक्षण करते हुये सीओ ने कहा कि हमारा यही उद्देश्य है कि निर्माण कार्य पूरी ईमानदारी एवं गुणवत्तापूर्ण विकास कार्य कराया जाय। जो भी पदार्थ में क्वालिटी नहीं है उसे सुधार किया जाय।उन्होंने मौके पर उपस्थित संवेदक को निर्देश देते हुये कहा कि निर्माण कार्यों में तेजी लाएं। इस पर संवेदक ने सीओ को अस्वस्थ करते हुये कहा कि हर हाल में जल्द से जल्द निर्माण कार्य पूरा करा कर दिया जायेगा। इसके लिये तेजी से कार्य कराया जा रहा है। इस संबंध में पूछे जाने पर संवेदक मिथिलेश तिवारी ने बताया कि यह निर्माण कार्य ग्रामीण विकास विभाग से 5 करोड़ 82 लाख की लागत से बनाया जा रहा है। जल्द से जल्द निर्माण कार्य पूरा कर लिया जायेगा।

**एक्शन**

## नपं कार्यपालक पदाधिकारी ने कर्मियों के साथ की बैठक

# 31 मार्च तक हर हाल में जमा करें होल्डिंग टैक्स

### होल्डिंग टैक्स वसूली में तेजी लाने का दिया निर्देश

**बंशीधर न्यूज**



**श्री बंशीधर नगर :** श्री बंशीधर नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी राज कमल ने सोमवार को कार्यालय कक्ष में होल्डिंग टैक्स वसूली को लेकर कर्मियों के साथ बैठक की। बैठक में कार्यपालक पदाधिकारी ने नगर पंचायत क्षेत्र में आने वाले मकान का होल्डिंग टैक्स वसूली में तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जो लोग बकाया रखे हुये हैं वे अपना होल्डिंग टैक्स नगर पंचायत कार्यालय में जल्द से जल्द जमा कर दें। नपं कार्यपालक पदाधिकारी ने कहा कि होल्डिंग टैक्स बकाया रखने वाले मकान मालिकों को पहले से नोटिस भेजी गई और जिन लोगों को होल्डिंग टैक्स बकाया रहने पर नोटिस नहीं गई है वैसे लोगों को नोटिस भेजने के लिये कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि दिये गये समय सीमा के भीतर होल्डिंग टैक्स का भुगतान नहीं किये है। उन्हें दूसरी नोटिस भेजी जायेगी। दूसरे नोटिस भेजने के बावजूद भी नोटिस में समय अवधि के अंदर होल्डिंग टैक्स का भुगतान नहीं करते हैं तो उन सभी का अकाउंट फ्रीज किया जायेगा साथ ही विभागीय कार्रवाई भी की जायेगी। उन्होंने कहा कि जिनका भी होल्डिंग टैक्स बकाया है वह 31 मार्च तक हर हाल में जमा कर दें। बैठक में नगर प्रबंधक रवि कुमार व प्रमेय मंडिलवार, नाजीर दिलीप कुमार, सुजीत कुमार, नसीम खान, टैक्स कलेक्टर कर्मी अमित कुमार, रमेश कुमार समेत कई कर्मी शामिल थे।

### मुखिया संघ के अध्यक्ष बने मूंगा



**केतार :** बलिगढ़ पंचायत सचिवालय के सभागार कक्ष में सोमवार को परती कुसवानी के मुखिया मुनि देवी की अध्यक्षता में केतार प्रखंड के सभी सातों पंचायत के मुखिया ने बैठक की। जिसमे केतार प्रखंड के मुखिया संघ के अध्यक्ष मुखिया प्रमोद कुमार (केतार पंचायत) को हटाते हुये। नई अध्यक्ष को चुनने पर विचार विमर्श किया। सभी मुखिया ने अध्यक्ष प्रमोद कुमार के प्रति उनके क्रियाकलाप एवं संघ के प्रति उदासीन रवैया के कारण असंतोष प्रकट किया। इसके पश्चात सभी ने उनको अध्यक्ष पद से हटाते हुये मुकुंदपुर पंचायत के मुखिया मूंगा साह को अध्यक्ष बनाया। जिसमे पंचायत परती कुशवानी, बलिगढ़, परसोडीह, लोहागढ़ा के मुखिया समर्थन किया। जबकि पचाडुमर के मुखिया उपस्थित नहीं होने के कारण फोनिक समर्थन दिया। मुखिया संघ के अध्यक्ष बनाने पर मूंगा साह ने सभी को बधाई देते हुये अपने दायित्व का निर्वाहन सही से करने के लिये विश्वास दिलाया। साथ ही सभी को बराबर मान सम्मान दिलाने की बात कही। कहा मेरा कार्य प्रणाली से अपलोग संतुष्ट नहीं होंगे तो मैं खुद छह माह के अंदर पद से इस्तीफा दे दूंगा। मौके पर मुखिया बसंती देवी, मूंगा साह, मुनि देवी, ललिता कुमारी, नीलम देवी, प्रमुख प्रतिनिधि सुरेंद्र प्रसाद सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## एसडीओ के निर्देश पर कांडी विद्यालय की भूमि का सीमांकन



**कांडी :** सदर एसडीओ संजय कुमार के निर्देश पर प्रखण्ड के मध्य विद्यालय कांडी की भूमि का सीमांकन सोमवार को किया गया। गढ़वा अंचल के अमीन कृष्णा राम ने भूमि का सीमांकन किया। उक्त विद्यालय का चाहरदीवारी का निर्माण कार्य किया जा रहा है। विद्यालय के पश्चिम तरफ चाहरदीवारी का निर्माण स्कूल भवन के सटाकर किया जा रहा है। जिसको लेकर स्थानीय लोग व स्कूल प्रबंधन ने इसकी शिकायत एसडीओ से करते हुये मापी कराने की मांग किया था। जिसके बाद आज सीमांकन का कार्य किया गया। ज्ञात हो कि मध्य विद्यालय कांडी का कुल भूमि 60 डिसमिल सरकारी दस्तावेजों में अंकित है। हाल सर्वे के खाता संख्या 238 के प्लॉट संख्या 29 में 2 डिसमिल, प्लॉट 30 में 17 डिसमिल व प्लॉट 31 में 41 डिसमिल स्कूल का जमीन दर्ज है। कांडी पंचायत के पूर्व मुखिया व भाजपा नेता विनोद प्रसाद ने कहा कि आज की स्कूल के भूमि का सीमांकन जो किया गया है वह स्पष्ट नहीं है। मापी में पारदर्शिता नही बरता गया है। कांडी की जनता को व स्कूल प्रबंधन को स्कूल का 60 डिसमिल अलग कर दिया जाए। जब तक 60 डिसमिल जमीन विद्यालय को सुपुर्द नही किया जायेगा यहां की जनता चुप नहीं बैठेगी। इस विषय में अंचलाधिकारी राकेश सहाय ने बताया कि मध्य विद्यालय कांडी की भूमि का सीमांकन का कार्य पूरा कर लिया गया है। सीमांकन के बाद विद्यालय प्रबंधन को इसकी जानकारी दे दी गयी है कि आपका जमीन कहां तक है।

## स्थानीय लोगों ने लूटेरे की जमकर की पिटाई, पुलिस को सौंपा

# गढ़वा में 2.5 लाख रुपये की लूट, लूटेरे को पीड़ित ने पकड़ा

**गढ़वा :** शहर के मेन रोड स्थित जवाहर भोजनालय के समीप सोमवार को दिनदहाड़े दो अज्ञात लुटेरों ने एक राहगीर से 2.5 लाख रुपये की लूट की। लेकिन लुटेरों की योजना पर तब पानी फिर गया जब पीड़ित ने साहस दिखाते हुये एक लुटेरे को पकड़ लिया। इसके बाद स्थानीय लोगों ने पकड़े गये लुटेरे की जमकर धुनाई की और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर थाने ले गई। जानकारी के अनुसार पलामू जिले के चैनपुर थाना क्षेत्र के रबदा गांव निवासी दिलीप चौधरी छत्तीसगढ़ जाने के लिये गढ़वा आये थे। वह रंका मोड़ के पास एक टेंपो से उतरे और बस स्टैंड की ओर पैदल जा रहे थे। इसी दौरान जवाहर भोजनालय के समीप एक बाईक पर सवार दो युवक उनके पास पहुंचे और बहाने से मोबाईल मांगा। दिलीप चौधरी ने जैसे ही मोबाईल दिया, दोनों लुटेरों ने उनके गले में टंगे बैग को रुपये समेत झपट लिया और बाईक तेज भगाने लगे। घटना के बाद भी दिलीप चौधरी ने हिम्मत नहीं हारी। उन्होंने अपनी जान की परवाह किये बिना लुटेरों की बाइक के पिछले हिस्से को पकड़ लिया। लुटेरे बाईक की गति बढ़ाने लगे, जिससे दिलीप नीचे गिर गये, लेकिन उन्होंने बाईक को छोड़ने से इनकार कर दिया। कुछ दूर तक घसीटे जाने के बाद बाइक असंतुलित होकर गिर गई। इसी दौरान एक लुटेरा मौका पाकर फरार हो गया, लेकिन दिलीप ने दूसरे लुटेरे को दबोच लिया। घटना के तुरंत बाद मौके पर लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। उन्होंने पकड़े गये लुटेरे को जमकर पीटा और पुलिस को सूचना दी। स्थानीय लोगों के सहयोग से पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और आरोपी को गिरफ्तार कर थाने ले गई। इस संबंध में थाना प्रभारी बृज कुमार ने बताया कि लूट की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और एक आरोपी को पकड़ लिया गया है। फरार लुटेरे की तलाश जारी है। हालांकि अब तक पीड़ित द्वारा लिखित आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और जल्द ही पूरे घटनाक्रम का खुलासा किया जायेगा।

### युवक को गिरफ्तार कर जेल भेजा



**कांडी :** थाना क्षेत्र के मोखापी गांव निवासी विजय राम पिता शंभू राम को कांडी पुलिस ने गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया। इस संबंध में जानकारी देते हुये कांडी थाना प्रभारी अविनाश राज ने बताया कि समकालीन अभियान चलाकर कांडी थाना कांड संख्या 01/2024 के प्राथमिकी अभियुक्त विजय राम को आईपीसी की धारा 304(बी)/120(बी)/34 के तहत प्राथमिकी दर्ज करते हुये गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

### पीएम किसान योजना से नाम काटे जाने से नाराज, धरना प्रदर्शन



**विशुनपुरा :** प्रखंड के हजारों किसानों के नाम पीएम किसान सम्मान निधि योजना से काट दिये जाने से नाराज किसानों ने समाजसेवी बलराम पासवान के नेतृत्व में सोमवार को प्रखंड कार्यालय पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान किसानों ने प्रशासन पर घोर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है।समाजसेवी बलराम पासवान ने कहा कि दस दिन पूर्व जिम्मेवार प्रतिनिधि के द्वारा फर्जी किसानों द्वारा पीएम किसान का लाभ लेने का आरोप लगाया गया है। जिसके बाद से फर्जी किसानों का नाम नहीं कटा। जबकि प्रखंड के योग्य हजारों किसानों का नाम कट गया। जिसका मैसेज मोबाईल में भी आया है। उन्होंने कहा कि फिलहाल में होली का त्योहार आने वाला है। लेकिन किसानों के खाते में पैसा नहीं आने के कारण त्योहार भी फीका हो गया है। उन्होंने कहा कि बिना सत्यापन किये अचंल अधिकारी ने हजारों किसानों का नाम सूची से हटा दिया है। जिसके कारण सभी किसान काफी परेशान हैं। इस दौरान किसानों ने बलराम पासवान के अगुआई में स्थानीय किसान लाभुकों का पुन: नाम जोड़ने के लिये अंचल अधिकारी राजेश कुमार को डीसी के नाम से मांग पत्र सौंपा है। मांग पत्र में दशार्या है कि कुछ जनप्रतिनिधि के द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से फर्जी किसान होने का आवाज उठाया गया था। जिसके बाद स्थानीय हजारों किसानों का नाम काट दिया गया। नाम कट जाने से हजारो किसान जनप्रतिनिधि से उदासीन हैं। लाभुकों ने डीसी से किसानों का नाम पुन: जोड़ने का आग्रह किया है। उधर बीडीओ सह सीओ राजेश कुमार ने कहा कि किसानों का नाम कटने से घबराने की जरूरत नहीं है। इसको लेकर एक कमेटी का गठन किया गया है। ग्राम स्तर पर योग्य किसानों का सत्यापन कर नाम जोड़ा जायेगा।

### सांसद ने 809 करोड़ की 9 किलोमीटर सड़क का किया शिलान्यास



**मेदिनीनगर :** सांसद विष्णु दयाल राम ने रामगढ़ प्रखंड अंतर्गत नावाडीह गांव में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएम जनमन) के तहत 809.72 करोड़ की लागत से बनने वाले 9.22 किलोमीटर सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इस योजना के तहत बनने वाली सड़कों में चैनपुर–रामगढ़ प्रखण्ड के ग्राम गोरे से कोरवा टोला बलहीया तक 2.30 किमी, सरहुआ कोरवा टोला वाया सरहुआ स्कूल तक 0.77 किमी, आरसीडी करसो रोड से पचलेवा तक 4.45 किमी एवं गोरे पीपराटांड कोरवा टोला से नावाडीह पीडब्लूडी रोड तक 1.70 किमी की सड़क शामिल है। सांसद श्री राम ने कहा कि इसके अतिरिक्त चैनपुर एवं रामगढ़ प्रखंड के आदिम जनजाति बाहुल्य क्षेत्रों में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएम जनमन) के तहत 10 सड़कों की निविदा जल्द प्रकाशित होगी। जिनमें हुटार आरसीडी रोड से मुस्लिम टोला वाया दुर्गा मंडप नारायण तक 4.4 किमी, हुटार आरसीडी रोड से वाया खुरा भौराहा तक 2.5 किमी, रमकंडा–डालटनगंज आरसीडी रोड से हिसरा तक 2.41 किमी, पचलेवा बभनडीह आरईओ रोड से खरवा महुआदामर तक 2.6 किमी, रमकंडा–डालटनगंज आरसीडी रोड से वाया तेमारी हिसरा करमा तक 4.175 किमी, चान्दो परसाखाड़ आरईओ रोड बरवाखाड से घासी टोला तक 0.65 किमी, डालटनगंज रमकंडा आरसीडी रोड बोड़ी स्कूल से दशरथ टोला तक 3.5 किमी, रामगढ़ धेलुआ रक्सी रोड़ टिकुलिया पथल से धेलुआ तक 2.05 किमी, बभनडीह कोठी महुआ पीएमजीएसवाई रोड से कोठी महुआ स्कूल रानुद तक 2.1 किमी एवं चौनपुर हुटार आरसीडी रोड कोकाडू से माके तक 4.9 किमी की सड़क शामिल है। उन्होंने कहा कि उक्त सड़कों के निर्माण होने से आदिम जनजाति बाहुल्य क्षेत्रों में जनता की आवागमन सुगम होगी। इस अवसर पर भाजपा नेता सह जिपस प्रमोद कुमार सिंह, वरिष्ठ नेता प्रफुल कुमार सिंह, जिला सांसद प्रतिनिधि विजय ओझा, जिपस छोटन सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष शंभू पासवान, चैनपुर मंडल अध्यक्ष शशिभूषण पाण्डेय, रामगढ़ मंडल अध्यक्ष कामेश्वर सिंह, सांसद के निजी सचिव अलख दुबे, ईश्वरी पाण्डेय, नावाडीह पंचायत के मुखिया दयानन्द प्रसाद सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### 12 अधिवक्ता होंगे सम्मनित

**मेदिनीनगर :** पूर्व विधायक सह अधिवक्ता स्व सचिदानंद त्रिपाठी की 38 वीं पुण्यतिथि व अधिवक्ता सम्मान समारोह 8 मार्च को पलामू जिला अधिवक्ता संघ भवन में मनाया जायेगा। उक्त जानकारी कार्यक्रम के संयोजक, स्वर्गीय त्रिपाठी के नाती सह वरीय अधिवक्ता शशि भूषण दुबे ने दी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पलामू के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव होंगे। जबकि विशिष्ट अतिथि कुटुंब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश संजीव कुमार दास होंगे। मौके पर कई न्यायिक अधिकारी के अलावे सैकड़ों अधिवक्ता मौजूद रहेंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के दौरान 12 अधिवक्ताओं को प्रशस्ति पत्र व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया जायेगा। श्री दुबे ने बताया कि सचिदानंद त्रिपाठी सदर प्रखंड के रजवाडीह गांव के निवासी थे। उन्होंने 1962 से 1967 तक डालटनगंज विधानसभा का प्रतिनिधित्व किया था।



# मधुमक्खियों का आतंक, थाना प्रभारी हो चुके हैं डंक का शिकार

**बंशीधर न्यूज**

**भवनाथपुर :** थाना परिसर में मधुमक्खियों का आतंक बना हुआ है, जिससे न सिर्फ पुलिसकर्मी बल्कि आम ग्रामीण भी डरे हुये हैं। थाना प्रभारी रजनी रंजन सहित अब तक कई पुलिसकर्मी और ग्रामीण इनके डंक का शिकार हो चुके हैं। स्थिति इतनी गंभीर हो चुकी है कि लोग थाना परिसर में जाने से पहले कई बार सोचने को मजबूर हो रहे हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, थाना परिसर में लगे पीपल के कई पेड़ों पर मधुमक्खियों ने बड़े-बड़े छत्ते बना लिये हैं। जब भी कोई शोर-शराबा या हलचल होती है, तो मधुमक्खियां अचानक झुंड में हमला कर देती हैं। अब तक कई पुलिसकर्मियों को मधुमक्खियों ने काट लिया है, जिससे उन्हें अस्पताल तक जाना पड़ा। ग्रामीणों की भी यही स्थिति है। कई लोग किसी समस्या को लेकर थाना जाने से कतराने लगे हैं, क्योंकि डर है कि कहीं मधुमक्खियों का शिकार न बन जाएं। पुलिस प्रशासन ने इस समस्या से निपटने के लिये उच्च अधिकारियों को सूचना दी है, लेकिन अभी तक कोई ठोस समाधान नहीं निकला है। मधुमक्खियों को हटाने के लिये वन विभाग या किसी विशेषज्ञ की मदद लेने की जरूरत बताई जा रही है। ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द से जल्द इस समस्या के समाधान की मांग की है, ताकि लोग बिना किसी डर के थाना जा सकें और पुलिसकर्मी भी सुरक्षित रह सकें।

## न्यूज अपडेट्स

### डॉ दिनेश कुमार सिंह ने कुलपति का पद संभाला

**मेदिनीनगर :** नीलाम्बर-पीताम्बर विश्वविद्यालय के कुलपति पद पर नियुक्त डॉ दिनेश कुमार सिंह ने आज पदभार संभाल लिया है। उन्होंने सोमवार के पूर्वाह्न में कुलपति के रूप में कार्यभार ग्रहण किया। बता दें कि इससे पूर्व डॉ दिनेश कुमार सिंह पंतनगर स्थित जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष पद पर कार्यरत थे। राज्यपाल-सह-कुलाधिपति संतोष गंगवार ने 28 फरवरी को उनकी नियुक्ति नीलाम्बर-पीताम्बर विश्वविद्यालय के कुलपति पद पर की थी। इस संबंध में विश्वविद्यालय के कुलसचिव ने अधिसूचना जारी कर दी है। प्रभात ग्रहण करने के बाद कुलपति डॉक्टर सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय के सभी शैक्षणिक कार्य ससमय हो यह हमारी प्राथमिकता सूची में शामिल रहेगा।

### हाथियों ने वृद्ध को कुचला

**रंका :** थाना क्षेत्र में इन दिनों गजराज का तांडव रूकने का नाम नहीं ले रहा है। हाथियों के झुंड ने बरदरी गांव के 60 वर्षीय हरि कोरवा को दौड़ा कर सुंढ से पकड़ कर मार डाला। ग्रामीणो के अनुसार हाथियों के झुण्ड ने रात को खपरैल मकान में अचानक हमला कर दिया। घर में सो रहे लोग किसी तरह जान बचा कर भागे, लेकिन हरि कोरवा को मौत के घाट उतार दिया। जबकि दूसरी घटना में हाथियों का झुण्ड बरवाही गांव के सुनील केरकेट्टा के गेहूं के फसल को खा रहा था। हाथियों के भगाने पर सुनील को हाथियों ने सुंढ से उठकर फेंक दिया।

## रमकंडा ▶ सीओ ने 31 अतिक्रमणकारियों को दिया नोटिस


# 20 मार्च तक अतिक्रमण हटाने का आदेश

**बंशीधर न्यूज**

**रमकंडा :** सीओ अनिल रविदास ने रमकंडा निवासी सत्यनारायण मिस्त्री की शिकायत पर 31 अतिक्रमणकारियों को अतिक्रमण हटाने के लिये नोटिस जारी किया है। इन्हें सरकारी रास्ते की भूमि पर से 20 मार्च तक अतिक्रमण हटाने का आदेश दिया गया है।

### क्या है मामला

सत्यनारायण मिस्त्री ने सरकारी रास्ते की भूमि प्लॉट 2203 पर अतिक्रमण किया है।जिस पर अतिक्रमणवाद संख्या 01/-23-24 चल रहा है। इसी वाद के दाखिल जवाब में सत्यनारायण मिस्त्री की ओर से शिकायत किया गया है कि रमकंडा मौजा के खाता संख्या 766 प्लॉट 2353 भी सरकारी रास्ते की भूमि है। जिस पर कई लोगों ने


अतः उक्त व्यक्तियों के विरुद्ध अतिक्रमित भूमि से अतिक्रमण हटाने हेतु नोटिस जारी किया जा सकता है।
अंचल अमीन,
रमकण्डा।

अतिक्रमण कर रखा है।शिकायत में अंचल अधिकारी की ओर से 2353 प्लॉट पर अतिक्रमित इन लोगों पर कोई कार्रवाई नहीं किये जाने का आरोप लगाया है। शिकायत के माध्यम से सीओ पर आरोप लगाया है की सीओ पक्षपात पूर्ण व्यक्तिगत रूप से सरकारी रास्ते की भूमि 2203 प्लॉट पर ही कार्रवाई कर रहे हैं। वहीं 2353 पर कार्रवाई नहीं की जा रही है। ऐसे में इन आरोपों को खारिज करते हुये सत्यनारायण मिस्त्री की शिकायत पर सीओ की ओर से 2353 प्लॉट की भी जांच करायी गयी। वहीं अतिक्रमणवाद की कार्रवाई शुरू करते हुये चिन्हित किये गये 31 अतिक्रमणकारियों को नोटिस जारी किया गया।

### जिसके पक्ष में समर्थन, उसने ही की है शिकायत

दरअसल पिछले 30 जनवरी को अतिक्रमणवाद संख्या 01/23-24 के मामलों पर प्रतिनियुक्त किये गये दंडाधिकारी रमकंडा बीडीओ संजय कोंगड़ी पुलिस बल के साथ सत्यनारायण मिस्त्री की ओर से अतिक्रमित 2203 प्लॉट की भूमि को अतिक्रमणमुक्त कराने गये थे। इस दौरान ग्रामीणों सहित 2353 के कुछ अतिक्रमणकताओं ने सत्यनारायण मिस्त्री पर हो रही अतिक्रमण की कार्रवाई का विरोध किया था। वहीं इसे गलत बताते हुये पक्षपात पूर्ण कार्रवाई का आरोप लगाया था। लेकिन अब सत्यनारायण मिस्त्री की शिकायत पर ही 2353 प्लॉट पर भी अतिक्रमण की कार्रवाई शुरू हो गयी। वहीं सीओ ने नोटिस जारी कर दिया।

### अविनाश देव ने विधायक कल्पना सोरेन से की मुलाकात, जन्मदिन की दी बधाई



**मेदिनीनगर :** झारखंड माटी कला बोर्ड के सदस्य सह संत मरियम आवासीय विद्यालय के चैयरमेन व झामुमो के वरिष्ठ नेता अविनाश देव ने सोमवार को गांडेय विधायक कल्पना सोरेन से मुलाकात कर उन्हें जन्मदिन की बधाई दी। इस दौरान उन्होंने श्रीमति सोरेन को हेमंत सरकार के नेतृत्व में महिला सशक्तिकरण को लेकर किये गये कार्य पर चर्चा की। कहा कि सरकार के इस प्रयास का साकारात्मक असर देखने को मिल रहा है। साथ ही श्री देव ने विधायक कल्पना सोरेन को पलामू में आने का न्यौता दिया। इस पर कल्पना सोरेन ने भरोसा दिलाया कि जल्द ही वे पलामू आयेंगी और संत मरियम आवासीय विद्यालय के कार्यक्रम में भाग लेंगी। उन्होंने कहा कि स्कूल के आयोजन में बच्चों के बीच जाकर उन्हें भी बेहद खुशी मिलेगी। श्री देव ने कहा कि यह भी एक सुखद संयोग हैं जब कल्पना सोरेन के जन्मदिन के दिन ही राज्य का अबुआ बजट आया है जो राज्य को नयी दिशा देगा, विकास की गति भी पूरी रफ्तार पकड़ेगी।

### रमना में मैट्रिक की परीक्षा शांतिपूर्ण



**रमना :** प्रखंड मुख्यालय स्थित चार परीक्षा केंद्रों पर मैट्रिक की गणित विषय की परीक्षा सोमवार को शांतिपूर्ण हुई। मैट्रिक के कुल 1460 परीक्षार्थियों में 1451 परीक्षार्थी परीक्षा लिखे। प्लस टू उच्च विद्यालय परीक्षा केंद्र के केंद्राधीक्षक अजय सेठ ने बताया कि प्रथम पाली में मैट्रिक के कुल 716 में 5 परीक्षार्थी परीक्षा से अनुपस्थित रहे। बालिका उच्च विद्यालय के केंद्राधीक्षक शशि रमण प्रकाश व सहायक धर्मदेव उरांव ने बताया कि मैट्रिक के कुल 125 परीक्षार्थी में 2 परीक्षार्थी परीक्षा से अनुपस्थित रहे। वहीं राजकीय मध्य विद्यालय सिलीदाग एक के केंद्राधीक्षक फुलेन्द्र राम ने बताया कि मैट्रिक के कुल 303 में 1 परीक्षार्थी परीक्षा से अनुपस्थित रहे। राजकीय मध्य विद्यालय रमना के केंद्राधीक्षक रिंकु कुमार पासवान ने बताया कि मैट्रिक के कुल 316 परीक्षार्थी में 1 परीक्षार्थी परीक्षा से अनुपस्थित थे। जैक द्वारा आयोजित परीक्षा को लेकर सीओ विकास पांडेय एवं थाना प्रभारी जय प्रकाश गुप्ता ने बारी बारी से सभी परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं केंद्राधीक्षक को आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

## सड़क सुरक्षा की जानकारी से छात्र-छात्राएं हुये अवगत

**बंशीधर न्यूज**

**गढ़वा :** जिला परिवहन पदाधिकारी गढ़वा के निदेर्शानुसार प्रखंड के जाटा स्थित हाई स्कूल में छात्रों का काउंसलिंग कर सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों से जुड़े महत्वपूर्ण तथ्यों से अवगत कराया गया। जैसे बाईक चलाने वक्त हेलमेट का प्रयोग जरूर करे, कभी भी नाबालिक को वाहन चलाने की अनुमति ना दे, कभी भी गति सीमा को पार ना करे,



रोड पर कभी भी क्रोधित होकर वाहन का प्रयोग न करे, वाहन चलानें वक्त गतिसीमा से बाहर ना जाय आदि। साथ ही हिट एंड रन एवं गुड सेमिरिटन योजना के बारे में भी जागरूक किया गया। पदाधिकारियों ने कहा कि सड़क पर वाहन चलाते समय ट्रैफिक नियमों का पालन जरूर करें। सभी लोगों से अनुरोध किया कि कभी भी दुर्घटना ग्रस्त व्यक्ति को देखें तो निष्पक्ष होकर आगे बढ़कर दुर्घटना ग्रस्त व्यक्ति को मदद करे या फिर नजदीकी अस्पताल में पहुंचा कर गुड समरितन बने। इस दौरान लोगों के बीच रोड सेफ्टी हैण्डबुक और रोड़ सेफ्टी पम्पलेट का भी वितरण किया गया। मौके पर जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधन संजय बैठा सहित परिवहन कार्यालय के अन्य पदाधिकारी, कर्मचारी आदि उपस्थित थे।

## शादियों के सीजन में मिलावटी मिठाईयों की धड़ल्ले से बिक्री

# सिंथेटिक दूध व खोआ से बन रही हैं मिठाईयां

**बंशीधर न्यूज**

**भवनाथपुर :** प्रखंड में इनदिनों मिलावटी मिठाईयों की बिक्री तेजी से बढ़ रही है। शादियों के सीजन और होली के त्यौहार शुरू होने के साथ ही स्थानीय बाजारों में बड़े पैमाने पर नकली खोआ, सिंथेटिक दूध और हानिकारक रंगों से बनी मिठाईयां बेची जा रही हैं, जिससे आम लोगों की सेहत खतरे में पड़ गई है। संबंधित विभाग की लापरवाही के कारण मिलावटखोरों के हौसले बुलंद हैं और वे बिना किसी डर के इन हानिकारक उत्पादों को बेच




रहे हैं। ग्रामीण इलाकों में अधिक मुनाफा कमाने के चक्कर में कई दुकानदार घटिया गुणवत्ता वाली मिठाईयां बिहार और उतर प्रदेश से मंगवाकर बेच रहे हैं। खासकर रसगुल्ले, लड्डू, बर्फी और पेड़े जैसी मिठाईयों में सिंथेटिक दूध और नकली खोआ का इस्तेमाल होने से इंकार नहीं किया जा सकता है। इसके अलावा, मिठाईयों में जहरीले रंग और केमिकल मिलाये जा रहे हैं, जो सेहत के लिये बेहद नुकसानदायक है। कई लोगों ने मिठाई खाने के बाद पेट दर्द, उल्टी और फूड पॉइजनिंग जैसी समस्याओं की शिकायत की है। स्वास्थ्य चिकित्सकों के अनुसार मिलावटी मिठाईयां लिवर और किडनी पर बुरा असर डाल सकती हैं। इसके बावजूद प्रशासन इस समस्या पर ध्यान नहीं दे रहा है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से अपील की है कि बाजारों में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम भेजकर सैंपल की जांच की जाय और मिलावटखोरों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाय। फूड इंस्पेक्टर अंजना रानी मिंज के मोबाईल फोन पर संपर्क करने का प्रयास किया गया तो उन्होंने फोन नहीं उठाया।

## लीगल लिटरेसी क्लास सह जागरूकता

**गढ़वा :** जिला विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा के तत्वावधान में विश्व वन जीव दिवस के अवसर पर सोमवार को अंत्योदय आदिवासी उच्च विद्यालय देवगाना में लीगल लिटरेसी क्लास सह जागरूकता कार्यक्रम किया गया। इस दौरान पीएलवी रमाशंकर चौबे ने वंदना गायन के साथ शुरूआत करते हुये नशा उन्मूलन, सड़क सुरक्षा, अनुशासन में रहने, वन जीव की रक्षा करने की बात बताई। ताकि मानव जीवन की रक्षा हो सके। वहीं पीएलवी कृष्णानंद दुबे ने गुड टच बेड टच, चरित्र निर्माण, बाल विवाह, बाल



ट्रैफिकिंग, मोटर वाहन अधिनियम तथा 8 मार्च को लगने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। पीएलवी गोपाल चौबे ने कार्यपालिका विधायिका एवं न्यायपालिका पर प्रकाश डाला। जबकि पीएलवी कन्हैया प्रजापति ने महिला अत्याचार, बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ, शिक्षा का अधिकार आदि विषयों पर जानकारी दी। मौके पर पूर्व प्रधानाध्यापक गोरख तिवारी सहित काफी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।



## हुमा कुरैशी का कमबैक, 'महारानी-4' का टीजर रिलीज

साल 2021 में आई वेब सीरीज 'महारानी' में हुमा कुरैशी ने मुख्य भूमिका निभाई थी। उनकी शानदार अदाकारी को लेकर उन्हें खूब प्रशंसा मिली। पहले सीजन की सफलता के बाद 2022 में इसका दूसरा सीजन आया, फिर 2023 में तीसरा भाग भी रिलीज हुआ, जिसे अच्छी प्रतिक्रिया मिली। अब मेकर्स ने 'महारानी' के चौथे सीजन का आधिकारिक ऐलान कर दिया है। हुमा कुरैशी एक बार फिर रानी भारती के दमदार किरदार में नजर आएंगी। 'महारानी 4' का टीजर भी रिलीज हो चुका है, जिसने फैंस की उत्सुकता बढ़ा दी है। 'महारानी-4' का टीजर दर्शकों को खूब पसंद आ रहा है। यह सीरीज जल्द ही ओटीटी प्लेटफॉर्म सोनी लिव पर दस्तक देगी।, हालांकि इसकी रिलीज डेट का अब तक खुलासा नहीं हुआ है। मेकर्स ने टीजर शेयर करते हुए लिखा, 'तैयार हो जाइए... महारानी फिर लौट रही है, चौथी बार!' इस बार भी निर्देशन की कमान पुनीत प्रकाश ने संभाली है। हुमा कुरैशी के साथ सोहम शाह, अमित सियाल, कानि कुश्रुति, अनुजा साठे और इनामुलहक जैसे शानदार कलाकार अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे।

## 'छावा' का बॉक्स ऑफिस पर जलवा बरकरार, कुल कमाई 458.75 करोड़



विक्की कौशल अभिनीत फिल्म 'छावा' को रिलीज हुए तीन हफ्ते हो गए हैं, लेकिन दर्शकों का उत्साह कम नहीं हुआ है। 'दुनिया भर में 14 फरवरी को रिलीज हुई फिल्म विक्की कौशल, रश्मिका मंदाना और अक्षय खन्ना जैसे सितारों की शानदार अदाकारी से सजी है। छत्रपति संभाजी महाराज पर आधारित इस ऐतिहासिक फिल्म ने भारी मुनाफा कमाया है। फिल्म 'छावा' ने बॉक्स ऑफिस पर पहले दिन रिकॉर्ड तोड़ कमाई की थी। स्क्रीनिंग से पहले ही फिल्म के सभी शो हाउसफुल थे। फिल्म 'छावा' 2025 की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गई है। छावा ने अब तक कई नए रिकॉर्ड भी अपने नाम किए हैं। फिल्म की एडवांस बुकिंग में 5 लाख टिकटें बिक गईं। इससे अकेले 13.70 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ। फिल्म का बजट 130 करोड़ है। वर्ष 2025 की शुरूआत बॉलीवुड ने 'छावा' के साथ जोरदार तरीके से की है। बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क की रिपोर्ट के अनुसार 'छावा' ने रिलीज के 17वें दिन, यानी तीसरे रविवार को 24.25 करोड़ रुपये की कमाई की। इसके साथ ही फिल्म का कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 458.75 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। यह विक्की कौशल के करियर की अब तक की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन चुकी है। इससे पहले उनकी सबसे अधिक कमाई करने वाली फिल्म 'उरीः द सर्जिकल स्ट्राइक' थी, लेकिन 'छावा' ने इस रिकॉर्ड को तोड़ दिया है।

## महाकुम्भ में मेला क्षेत्र में बनाये गये पीपा के पुल पर पसरा सन्नाटा



# बिहार : 3.17 लाख करोड़ रुपये का सलाना बजट पेश

### बजट में 61 हजार करोड़ रुपये खर्च होंगे शिक्षा पर



**पटना।** बिहार विधानसभा में प्रदेश के वित्त मंत्री व उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आज भोजनावकाश के बाद वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 3 लाख 16 हजार 895.02 करोड़ रुपये का बजट पेश किया। यह पिछले वित्तीय वर्ष के बजट आकर से 38,169 करोड़ रुपए अधिक है। बजट में सबसे ज्यादा 61000 करोड रुपये शिक्षा के क्षेत्र में खर्च किए जाएंगे। बजट भाषण में उप मुख्यमंत्री ने बताया कि अगले वित्तीय वर्ष में 2 लाख 60 हजार रुपये का राजस्व प्राप्ति का लक्ष्य है। यह पिछले वर्ष के मुकाबले 34 हजार 33 करोड़ रुपये अधिक है। बिहार के बजट में इस बार वृद्धि हुई है। उन्होंने राज्य के निरंतर विकास के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार जताया। शिक्षा पर सबसे अधिक राशि खर्च होगीवित्त मंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि राज्य सरकार वित्तीय वर्ष 2025-26 में शिक्षा पर 60 हजार 954 करोड़, स्वास्थ्य पर 20 हजार 335, ग्रामीण विकास पर 16 हजार 193, ऊर्जा के लिए 13 हजार 483 करोड़ रुपये, समाज कल्याण विभाग व अन्य विभागों पर 13 368 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। पटना में महिला हाट की स्थापना की जाएगी। सभी पंचायतों में कन्या विवाह मंडप की स्थापना की जाएगी। बजट भाषण में सम्राट चौधरी ने कई बड़ी घोषणासम्राट चौधरी ने घोषणा किया है कि 534 प्रखंड़ों में से 358 प्रखंडों में चरणबद्ध तरीके से एक-एक डिग्री कॉलेज चाहे वो सरकारी हो या निजी खोले जाएंगे। 21 बाजार समिति के आधुनिकीकरण के लिए 1,289 करोड़ की लागत से योजना लाई गई है। सभी बाजार समिति को कार्यशील किया जायेगा। 21 के बाद 17 अन्य बाजार समिति को जोड़ने का काम किया जायेगा। बिहार में एमएसपी पर अरहर, मूंग और उरद दाल को खरीदने का काम करेगी। सभी अनुमंडल-ब्लॉक में कोल्ड स्टोरेज की स्थापना होगी। सुधा के तर्ज पर सभी प्रखंडों में तरकारी सुविधा आउटलेट खोले जायेंगे। इसके लिए समिति का गठन किया जायेगा। गरीब कन्याओं के विवाह हेतु सभी प्रखंडों में कन्या विवाह मंडपों का निर्माण होगा। पटना में चलंत व्यायामशाला की स्थापना की जायेगी, इसमें प्रशिक्षक महिलाएं होंगी। शहरों में पिंक टॉयलेट की स्थापना होगी। सभी जिलों में बस स्टैंड को चरणबद्ध तरीके से विकसित किया जायेगा।

### इस वर्ष मई में होगी एशियाई शेरों की गणना : प्रधानमंत्री

**जूनागढ़।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि चीता सरंक्षण योजना को मध्य प्रदेश में गांधीसागर अभयारण्य और गुजरात में



बन्नी घास के मैदानों सहित अन्य क्षेत्रों में विस्तारित करने, डॉलफि न और एशियाई शेरों के संरक्षण के प्रयास तेज करने का ऐलान किया। प्रधानमंत्री ने एशियाई शेरों की गणना इस वर्ष कराने की घोषणा की। मोदी ने जूनागढ़ में वन्यजीवों के लिए एक राष्ट्रीय रेफरल केंद्र की आधारशिला भी रखी। प्रधानमंत्री मोदी गुरुवार को गुजरात के सासण गिर राष्ट्रीय उद्यान का दौरा करने के बाद यहां नेशनल बोर्ड फॉर वाइल्ड लाइफ (एनबीएफडब्ल्यूबी) की सातवीं बैठक में शामिल हुए। एनबीएफडब्ल्यूबी की इस बैठक में वन्यजीव संरक्षण में सरकार की ओर से की गई विभिन्न पहलों की समीक्षा की। बैठक में नए संरक्षित क्षेत्रों के निर्माण और प्रोजेक्ट टाइगर, प्रोजेक्ट एलिफेंट, प्रोजेक्ट स्नो लेपर्ड जैसे प्रजाति-विशिष्ट प्रमुख कार्यक्रमों की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला गया। बोर्ड बैठक में डॉलफि न और एशियाई शेरों के संरक्षण प्रयासों और इंटरनेशनल बिग कैट्स एलायंस की स्थापना पर भी चर्चा हुई। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने देश में पहली बार आयोजित रिवरिन डॉल्फिन आकलन रिपोर्ट जारी की। इस रिपोर्ट के अनुसार अनुमान है कि कुल 6,327 डॉलफि न हैं। इस प्रयास में आठ राज्यों की 28 नदियों का सर्वेक्षण शामिल किया गया है। इसकी सबसे अधिक संख्या उत्तर प्रदेश में सबसे अधिक दर्ज की गई।

Hit लिस्ट

### संघ प्रमुख डॉ. भागवत कल से बिहार के पांच दिवसीय दौरे पर

**पटना।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन राव भागवत बिहार के



पांच दिवसीय प्रवास पर कल पटना पहुंचेंगे। वो यहां से पूर्व विभाग संघचालक एवं विश्व संवाद केंद्र के पूर्व अध्यक्ष दिवंगत प्रकाश नारायण सिंह उपाख्य छोटे बाबू के घर जाएंगे। उनके परिजनों से मिलकर रात्रि विश्राम मुजफ्फरपुर स्थित संघ कार्यालय में करेंगे। संघ प्रमुख छह मार्च को सुबह वीरपुर, सुपौल के लिए प्रस्थान करेंगे। वहां विद्या भारती द्वारा संचालित सरस्वती विद्या मंदिर के भवन का उद्घाटन करेंगे। सात, आठ और नौ मार्च को मुजफ्फरपुर में कार्यकताओं की बैठक में रहेंगे। नौ मार्च को नागपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

### नेपाल के पूर्व युवराज पारस शाह को हार्ट अटैक, भर्ती

**काठमांडू।** नेपाल के पूर्व युवराज पारस वीर विक्रम शाह को बीती रात हार्ट अटैक



आने के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया है। राजपरिवार से जुड़े सदस्यों ने बताया कि रविवार की रात को अस्पताल में भर्ती कराने के बाद डॉक्टरों ने हार्ट अटैक होने की पुष्टि की है। पूर्व राजपरिवार की तरफ से उनके संवाद सचिव फणींद्र पाठक ने बताया कि बीती रात को खाना खाने के बाद अचानक ही पूर्व युवराज पारस शाह ने सीने में तेज दर्द की शिकायत की, जिसके बाद निजी चिकित्सकों की सलाह पर देर रात ही काठमांडू के नॉर्विक हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया।

### छत्तीसगढ़ बजट-2025 : वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने पेश किया 01 लाख 65 हजार करोड़ रुपये का बजट

# कर्मचारियों का डीए 53 प्रतिशत किया गया, बजट में कई नये प्रावधान का प्रस्ताव

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने आज विधानसभा में सरकार का वर्ष 2025-26 के लिए दूसरा बजट का बजट पेश किया। उन्होंने बताया कि इस बार का बजट जीएटीआई अर्थात गुड गवर्नेंस यानी सुशासन, ए से अक्सेलरेटिंग इंफ्रास्ट्रक्चर यानी आधारभूत संरचना को गति देना, टी से टेक्नॉलॉजी यानी प्रौद्योगिकी और आई से इंडस्ट्रियल ग्रोथ यानी औद्योगिक विकास है। चौधरी ने 01 लाख 65 हजार करोड़ रुपये का बजट पेश किया, जो पिछले साल की तुलना 12 प्रतिशत ज्यादा है। उन्होंने अपने हाथों से लिखा बजट भाषण विधानसभा में प्रस्तुत किया। वित्तमंत्री चौधरी ने कहा पिछले बजट में ज्ञान पर हमारा फोकस था, अब गति पर हमारा फोकस है। प्रदेश में पेट्रोल एक रुपये सस्ता मिलेगा। प्रदेश में कर्मचारियों का डीए 53 प्रतिशत किया गया है, यह अप्रैल से बढ़कर मिलेगा। वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने सड़कों के



निर्माण पर नई योजना मुख्यमंत्री रिंग रोड योजना की घोषणा की है। इस योजना का नाम मुख्यमंत्री रिंग रोड योजना रखा है। इस योजना के लिए बजट में 100 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। बजट में जानकारी दी गई है कि केंद्र ने छत्तीसगढ़ सरकार को 6,000 करोड़ रुपये की राशि प्रदान की है। रेडी टू इट का कार्य पुनः महिला स्व सहायता समूहों को देना प्रारंभ कर दिया गया है।आने वाले समय में 8 लाख समूहों की महिलाओं को लखपति दीदी बनाए जाने का लक्ष्य बजट में रखा गया है। वित्तमंत्री ने कहा कि पिछले बजट में हमारा फोकस ज्ञान पर था, अब गति पर हमारा फोकस है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अब 14 मेडिकल कॉलेज हो गए हैं। बस्तर और सरगुजा के लोग हवाई यात्रा कर रहे हैं। रायपुर से 76 फ्लाइट चल रही हैं। सरकार ने 1 करोड 50 लाख मीट्रिक टन धान की खरीद की है। प्रदेश में प्रति व्यक्ति आय 10 हजार से 1.5 लाख पहुंच गई है। छत्तीसढ़ पावर सरप्लस बन गया है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में विश्वविद्यालय की संख्या भी बढ़ गई है। प्रदेश में जमीन की रजिस्ट्री और आसान होगी। इसके लिए सुगम एप लांच किया गया है। राज्य की जीडीपी 5 लाख करोड़ के पार चली गई है। वित्त मंत्री सदन में बड़ा ऐलान करते हुए कहा कि डीएमएफ फंड से दंतेवाड़ा में मेडिकल कॉलेज बनाया जाएगा। सरकार 250 करोड़ रुपये की लागत से दंतेवाड़ा में नया मेडिकल कॉलेज खोलेगी। छत्तीसगढ़ में वर्तमान में कुल 14 मेडिकल कॉलेज हैं, जिनमें से 11 सरकारी और 3 निजी संस्थान हैं। हाल ही में कवर्धा, मनेंद्रगढ़, जाजगीर-चांपा और गीदम में चार नए सरकारी मेडिकल कॉलेजों की स्थापना की गई है, जिससे राज्य में मेडिकल कॉलेजों की संख्या बढ़कर 14 हो गई है। इन नए कॉलेजों के साथ राज्य में एमबीबीएस सीटों की कुल संख्या 1,820 से बढ़कर 2,320 हो गई है। उन्होंने बजट में रायपुर-दुर्ग के बीच मेट्रो चलाने को लेकर एक बड़ी घोषणा की है। रायपुर-दुर्ग के बीच मेट्रो निर्माण के लिए सर्वे का काम जल्द शुरू हो सके, इसके लिए 5 करोड़ रुपये के बजट का प्रावधान किया है।

प्रभात टुडे नेटवर्क के लिए राधेरमण चौबे द्वारा गुलाब मेमोरियल मार्केट श्री बंशीधर नगर गढ़वा झारखंड से प्रकाशित, प्रधान संपादक-धीरेन्द्र चौबे, संपादक-धर्मेन्द्र कुमार चौबे* फोन : 9471737671, web-www.banshidharnews.com-Email-prabhatodaynetwork@gmail.com, *समाचारों के चयन के लिए पी.आर.बी एक्ट के तहत जिम्मेदार (सभी वादों का निपटारा नगर ऊंटारी अनुमंडलीय न्यायालय के अधीन होगा)